भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2859
उत्तर देने की तारीख 05 अगस्त, 2026

राजस्थान के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मोबाइल इंटरनेट कवरेज

2859. श्रीमती मंजू शर्माः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में राजस्थान के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मोबाइल इंटरनेट कवरेज कितने प्रतिशत है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) भारतनेट योजना की वर्तमान स्थिति क्या है और इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या कितनी है;

(ग) राजस्थान में शत प्रतिशत इंटरनेट कवरेज कब तक प्राप्त किए जाने की संभावना है;

(घ) क्या राजस्थान के कई सुदूर क्षेत्रों में अभी भी इंटरनेट सुविधा उपलब्ध नहीं है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने इन क्षेत्रों में मोबाइल इंटरनेट सुविधा शुरू करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (ङ) जून 2026 तक, राजस्थान के 46,077 गांवों में से (भारत के महापंजीयक के आंकड़ों के अनुसार) 45,341 गांवों (अर्थात् 98.40% गांवों) में मोबाइल इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध है। इसके अलावा, राजस्थान के सभी जिलों में 5जी कनेक्टिविटी है।

दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा कवर न किए गए किसी भी बसे हुए गांव के लिए मोबाइल कवरेज तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर प्रदान किया जाता है। सरकार ने राजस्थान सहित देश के कवर न किए गए ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में मोबाइल टावर लगाकर दूरसंचार कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) से वित्तपोषण के साथ विभिन्न स्कीमों को अनुमोदित किया है। इसके अलावा, सरकार ने सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) और मांग के आधार पर गांवों को हाई-स्पीड फाइबर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए संशोधित भारतनेट कार्यक्रम को मंजूरी दी है। जून 2026 तक, राजस्थान में, डीबीएन द्वारा वित्त पोषित मोबाइल स्कीमों के तहत 1,735 गांवों/स्थानों को 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी के साथ कवर किया गया और भारतनेट के तहत 40,107 कार्यरत एफटीटीएच (फाइबर-टू-द-होम) कनेक्शन के साथ 6,094 ग्राम पंचायतें प्रचालन में थीं।

*****